# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 24 मार्च 2026, अंक –243.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"हार केवल एक मोड़ है, अंत नहीं।"
— ए.पी.जे. अब्दुल कलाम



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Tuesday Prayer

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

सागर से उठा बादल बनके,
बादल से फटा जल हो करके।
फिर नहर बना नदियाँ गहरी,
तेरे भिन्न प्रकार, तू एक ही है॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।

चींटी से भी अणु-परमाणु बना,
सब जीव-जगत् का रूप लिया।
कहीं पर्वत-वृक्ष विशाल बना,
सौंदर्य तेरा, तू एक ही है ॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।

यह दिव्य दिखाया है जिसने,
वह है गुरुदेव की पूर्ण दया।
तुकड़िया कहे कोई न और दिखा,
बस मैं अरु तू सब एकही है॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।


संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।




# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: पड़ोसी देश म्यांमार (बर्मा) की राजधानी कहाँ है?
उत्तर: नेपीडॉ (Naypyidaw)
प्रश्न 2: विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल (Desert) कौन सा है?
उत्तर: सहारा मरुस्थल (अफ्रीका)
प्रश्न 3: 'कत्थक' किस क्षेत्र का प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य है?
उत्तर: उत्तर भारत (मुख्यत: उत्तर प्रदेश)
प्रश्न 4: एक 'आयत' (Rectangle) में कुल कितने शीर्ष (Corners) होते हैं?
उत्तर: 4
प्रश्न 5: बिहार का कौन सा जिला 'लीची' के उत्पादन के लिए विश्व प्रसिद्ध है?
उत्तर: मुजफ्फरपुर
प्रश्न 6: पृथ्वी का वह क्षेत्र जहाँ जीव रहते हैं, क्या कहलाता है?
उत्तर: जैवमंडल (Biosphere)
प्रश्न 7: गुरुत्वाकर्षण (Gravity) की खोज करने वाले महान वैज्ञानिक कौन थे?
उत्तर: सर आइजैक न्यूटन
प्रश्न 8: भारतीय संविधान सभा की 'प्रारूप समिति' (Drafting Committee) के अध्यक्ष कौन थे?
उत्तर: डॉ. भीमराव अंबेडकर
प्रश्न 9: 'आँख' के दो पर्यायवाची शब्द बताइए।
उत्तर: नयन, लोचन (अन्य: चक्षु, दृग)
प्रश्न 10: हमारे शरीर में भोजन का पाचन मुख्य रूप से कहाँ शुरू होता है?
उत्तर: मुख (Mouth) से

संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

Abide (अबाइड) – सहना / पालन करना
Abode (अबोड) – सहा / पालन किया
Abode (अबोड) – सहा गया / पालन किया गया

Arise (अराइज़) – उत्पन्न होना / उठना
Arose (अरोज़) – उत्पन्न हुआ / उठा
Arisen (अरिजन) – उत्पन्न हुआ / उठ चुका

Bear (बेयर) – सहन करना / उठाना
Bore (बोर) – सहा / उठाया
Born / Borne (बॉर्न / बॉर्न) – जन्म लिया / उठाया गया



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

थीम: Simple Conversation (सरल संवाद – 2)

तुम कहाँ जा रहे हो? – Where are you going?
मैं स्कूल जा रहा हूँ। – I am going to school.
क्या मैं तुम्हारे साथ चल सकता हूँ? – Can I go with you?
हाँ, चलो साथ चलें। – Yes, let us go together.



संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 23 मार्च को किन तीन अमर क्रांतिकारियों के बलिदान की स्मृति में 'शहीद दिवस' मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव
व्याख्या: 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फाँसी दी गई थी। उन्होंने हँसते-हँसते देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। यह दिवस हमें उनकी वीरता और राष्ट्रभक्ति की याद दिलाता है। छात्रों के लिए उनका जीवन साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण का सर्वोच्च आदर्श है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 8 इतिहास, अध्याय 9; गृह मंत्रालय (भारत सरकार)।

1. 22 मार्च को 'बिहार राज्य' की स्थापना के उपलक्ष्य में कौन सा भव्य उत्सव मनाया जा रहा है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: बिहार दिवस
व्याख्या: 22 मार्च 1912 को बिहार को बंगाल प्रेसिडेंसी से अलग कर एक स्वतंत्र राज्य बनाया गया था। 2026 में हम बिहार की स्थापना का 114वाँ वर्ष मना रहे हैं। यह दिवस बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव और "उन्नत बिहार, विकसित बिहार" के संकल्प को दोहराने का अवसर है।
संदर्भ: आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026, पृष्ठ 1।

3. "मुद्रा राक्षस" नाटक के रचयिता कौन हैं, जिसमें मौर्यकालीन राजनीति का अनूठा वर्णन मिलता है? (इतिहास)
उत्तर: विशाखदत्त
व्याख्या: विशाखदत्त द्वारा रचित यह संस्कृत नाटक मौर्य साम्राज्य की स्थापना और चाणक्य की रणनीतियों पर आधारित है। यह ग्रंथ उस काल की न्याय प्रणाली और प्रशासनिक ढांचे को समझने का एक प्रामाणिक ऐतिहासिक स्रोत है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 7, पृष्ठ 71।

4. पृथ्वी के वायुमंडल की वह कौन सी परत है जिसमें 'ओजोन गैस' का सुरक्षा कवच पाया जाता है? (पर्यावरण)
उत्तर: समताप मंडल (Stratosphere)
व्याख्या: समताप मंडल में ओजोन परत स्थित होती है जो सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों को सोख लेती है। यदि यह परत न हो, तो पृथ्वी पर त्वचा कैंसर और अन्य पर्यावरणीय संकट बढ़ सकते हैं।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7 भूगोल, अध्याय 4 (वायु), पृष्ठ 22।

5. 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा सबसे पहले किसने दिया था? (इतिहास)
उत्तर: हसरत मोहानी
व्याख्या: इस प्रसिद्ध नारे की रचना 1921 में मौलाना हसरत मोहानी ने की थी, जिसे बाद में सरदार भगत सिंह ने क्रांतिकारी गतिविधियों के दौरान विश्व प्रसिद्ध बनाया। यह नारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के अदम्य साहस का प्रतीक बन गया।
संदर्भ: NCERT कक्षा 8 इतिहास, अध्याय 9, पृष्ठ 115।

6. भारत का वह कौन सा राज्य है जिसकी सीमाएं तीन देशों—नेपाल, भूटान और चीन से मिलती हैं? (भूगोल)
उत्तर: सिक्किम
व्याख्या: सिक्किम भारत का एक सामरिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य है जो तीन अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को स्पर्श करता है। इसकी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक सुंदरता इसे भारत का एक अनूठा हिस्सा बनाती है। यह हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमुख केंद्र है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 1 (भारत – आकार और स्थिति), पृष्ठ 5।

7. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद 'जीवन की रक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता' का अधिकार प्रदान करता है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 21
व्याख्या: अनुच्छेद 21 के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को उसके प्राण या दैहिक स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के बिना वंचित नहीं किया जाएगा। यह संविधान का सबसे महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार माना जाता है क्योंकि यह मानवीय गरिमा सुनिश्चित करता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2, पृष्ठ 34।

8. किस धातु को 'रणनीतिक धातु' कहा जाता है क्योंकि इसका उपयोग आधुनिक रक्षा उपकरणों और विमानों में अनिवार्य है? (विज्ञान)
उत्तर: टाइटेनियम (Titanium)
व्याख्या: टाइटेनियम लोहा से हल्का लेकिन उतना ही मजबूत होता है और इसमें जंग नहीं लगती। इसका उपयोग रॉकेट, युद्धपोत और अंतरिक्ष यानों के निर्माण में किया जाता है। अपनी विशिष्ट मजबूती के कारण इसे भविष्य की धातु भी कहा जाता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 3 (धातु एवं अधातु)।

9. 'कलमकारी' हस्तशिल्प चित्रकला भारत के किस राज्य की प्रसिद्ध पारंपरिक कला है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: आंध्र प्रदेश
व्याख्या: कलमकारी का शाब्दिक अर्थ 'कलम से किया गया कार्य' है। इसमें सूती कपड़े पर हाथ से प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर धार्मिक और पौराणिक दृश्य उकेरे जाते हैं। यह कला भारत की समृद्ध वस्त्र परंपरा और हस्तशिल्प कौशल का बेजोड़ उदाहरण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 ललित कला (भारत की जीवित परंपराएं)।

10. बिहार के किस जिले में 'बराबर की गुफाएं' स्थित हैं, जो चट्टानों को काटकर बनाई गई भारत की प्राचीनतम गुफाएं हैं? (बिहार GK)
उत्तर: जहानाबाद
व्याख्या: जहानाबाद जिले में स्थित ये गुफाएं सम्राट अशोक के शासनकाल (मौर्य काल) की हैं। इनकी दीवारों पर शीशे जैसी चमक आज भी शोध का विषय है। यह बिहार की प्राचीन इंजीनियरिंग और स्थापत्य कला का गौरवशाली प्रमाण है।
संदर्भ: SCERT बिहार कक्षा 7 इतिहास; बिहार आर्थिक सर्वेक्षण।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (मार्च W3): भूकंप के दौरान यदि आप 'बहुमंजिली इमारत' में हों, तो सुरक्षित निकासी हेतु किसका उपयोग कदापि नहीं करना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: लिफ्ट (Lift)
व्याख्या: आपदा कैलेंडर 2026 (मार्च W3) के अनुसार, भूकंप के झटके महसूस होने पर बहुमंजिली इमारत में रहने वाले लोगों को लिफ्ट का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए क्योंकि बिजली कटने पर लिफ्ट बीच में फंस सकती है। सुरक्षित शनिवार के प्रशिक्षण में 'सीढ़ी' का उपयोग करने और 'झुकें, ढकें और पकड़ें' (Drop, Cover, Hold On) के नियम का पालन करने की सलाह दी जाती है।
संदर्भ: सुरक्षित शनिवार वार्षिक सारणी (बिहार सरकार) एवं आपदा कैलेंडर 2026।

12. 5, 11, 23, 47, ? — दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी? (मानसिक योग्यता) उत्तर: 95
व्याख्या: यहाँ उपयोग किया गया तर्क है: (पिछली संख्या \times 2) + 1।
(5 \times 2) + 1 = 11,    (11 \times 2) + 1 = 23,    (23 \times 2) + 1 = 47
अतः, (47 \times 2) + 1 = \mathbf{95}।

**GK संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**Govt. PS बोदसर**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**



**अनुभाग-4**

# -: शब्द - संगम :-

Ignite (इग्नाइट) = Set on fire (सेट ऑन फायर) = आग लगाना / प्रज्वलित करना
Antonym – Extinguish (एक्सटिंग्विश) = बुझाना
Imitate (इमिटेट) = Copy (कॉपी) = नकल करना
Antonym – Originate (ओरिजिनेट) = मौलिक बनाना
Increase (इंक्रीज़) = Rise (राइज़) = बढ़ना
Antonym – Decrease (डिक्रीज़) = घटाना
Inspect (इंस्पेक्ट) = Examine (एग्ज़ैमिन) = जांच करना
Antonym – Neglect (नेग्लेक्ट) = अनदेखा करना
Inspire (इंस्पायर) = Motivate (मोटिवेट) = प्रेरित करना
Antonym – Discourage (डिस्करेज) = हतोत्साहित करना



**~: संकलन :~**
**राकेश कुमार राव**
**प्रधानाध्यापक**
**PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय**
**वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।**

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

PM Modi chairs high-level meeting to review West Asia conflict impact on India's petroleum, power, fertiliser sectors and energy security; stresses diplomatic efforts for de-escalation.
पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के भारत के पेट्रोलियम, बिजली, उर्वरक क्षेत्रों और ऊर्जा सुरक्षा पर प्रभाव की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की; डी-एस्केलेशन के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर जोर।

Critical LPG shipment 'Pyxis Pioneer' from Texas arrives at New Mangalore Port to boost energy reserves amid ongoing West Asia tensions entering fourth week.
टेक्सास से महत्वपूर्ण LPG शिपमेंट 'पाइक्सिस पायनियर' न्यू मंगलौर पोर्ट पहुंचा, पश्चिम एशिया तनाव के चौथे सप्ताह में ऊर्जा भंडार बढ़ाने के लिए।

EAM S Jaishankar pushes India-Russia trade to $100 billion target by 2030 with new deals; focus on energy, technology amid global supply chain shifts.
विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-रूस व्यापार को 2030 तक $100 बिलियन लक्ष्य पर पहुंचाने के लिए नए सौदों पर जोर दिया; ऊर्जा, तकनीक पर फोकस, वैश्विक सप्लाई चेन बदलाव के बीच।

## INTERNATIONAL NEWS

Iran war day 23: Trump postpones strikes on Iranian power plants for five days after 'very good and productive' talks; claims potential for complete resolution but warns of action if Strait of Hormuz not reopened.
ईरान युद्ध 23वें दिन: ट्रंप ने 'बहुत अच्छी और उत्पादक' बातचीत के बाद ईरानी पावर प्लांट्स पर हमले पांच दिनों के लिए टाले; पूर्ण समाधान की संभावना बताई लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य न खुलने पर कार्रवाई की चेतावनी।

Iran threatens 'irreversible damage' to Gulf power plants and infrastructure if its facilities attacked; defiant response to US ultimatum on Strait of Hormuz reopening.
ईरान ने अपनी सुविधाओं पर हमले होने पर खाड़ी पावर प्लांट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर को 'अपरिवर्तनीय क्षति' की धमकी दी; होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के अमेरिकी अल्टीमेटम पर चुनौतीपूर्ण जवाब।

Israel launches extensive air strikes on Tehran and other Iranian cities; explosions reported, immense damage in streets, over 1,500 killed in war per Iran's health ministry.
इज़राइल ने तेहरान और अन्य ईरानी शहरों पर व्यापक हवाई हमले किए; विस्फोटों की रिपोर्ट, सड़कों पर भारी क्षति, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार युद्ध में 1,500+ मारे गए।

## BIHAR NEWS

Bihar political circles discuss post-Nitish leadership; BJP to hold meeting on Lok Sabha polls strategy amid ongoing NDA dynamics and EBC vote base concerns.
बिहार राजनीतिक हलकों में नीतीश के बाद नेतृत्व पर चर्चा; भाजपा लोकसभा चुनाव रणनीति पर बैठक करेगी, NDA गतिशीलता और EBC वोट बैंक चिंताओं के बीच।

Bihar weather update: Pleasant conditions continue; preparations for upcoming festivals and job fairs intensify across districts amid energy supply concerns from national crisis.
बिहार मौसम अपडेट: सुखद मौसम जारी; आगामी त्योहारों और जॉब फेयर की तैयारियां तेज, राष्ट्रीय संकट से ऊर्जा आपूर्ति चिंता के बीच।

## SPORTS NEWS

TATA IPL 2026 Fan Parks to kick off across 15 cities in first phase; excitement builds ahead of season opener on March 28 with RCB vs SRH.
टीएटीए आईपीएल 2026 फैन पार्क पहले चरण में 15 शहरों में शुरू होंगे; 28 मार्च को RCB vs SRH ओपनर से पहले उत्साह बढ़ा।

Ishan Kishan appointed interim captain of Sunrisers Hyderabad for TATA IPL 2026 amid Pat Cummins injury; all 10 teams to feature Indian captains in multiple games for first time in 19 years.
पैट कमिंस की चोट के बीच इशान किशन सनराइजर्स हैदराबाद के अंतरिम कप्तान नियुक्त; 19 साल में पहली बार सभी 10 टीमों में एक से अधिक मैचों के लिए भारतीय कप्तान।



संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण ।

✍️ संदेश:

"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"

प्रेरक प्रसंग

# "स्वास्थ्य ही धन"

24 मार्च की सुबह थी। विद्यालय की प्रार्थना सभा में विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विशेष कार्यक्रम रखा गया था। सभी छात्र ध्यानपूर्वक खड़े थे।

मंच पर वर्मा सर आए और बोले—

"बच्चों, हम अक्सर सफलता के लिए पढ़ाई और मेहनत की बात करते हैं, लेकिन क्या आपने सोचा है कि अगर हमारा स्वास्थ्य ही ठीक न हो, तो क्या हम अपने सपनों को पूरा कर पाएंगे?"

पूरी सभा शांत हो गई।

फिर वर्मा सर ने एक कहानी सुनाई—

एक छात्र था, सोनू। वह पढ़ाई में बहुत अच्छा था, लेकिन अपनी सेहत का ध्यान नहीं रखता था। वह समय पर खाना नहीं खाता, आराम नहीं करता और छोटी-छोटी बीमारियों को नजरअंदाज करता रहता था।

कुछ दिनों बाद उसे लगातार खाँसी और कमजोरी होने लगी। डॉक्टर से जांच कराने पर पता चला कि उसे टीबी हो गई है। सोनू घबरा गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे समझाया—

"डरने की जरूरत नहीं है। अगर तुम नियमित दवा लो, पौष्टिक भोजन करो और सावधानी रखो, तो तुम ठीक हो सकते हो।"

सोनू ने पूरी लगन से इलाज किया। उसने समय पर दवाइयाँ लीं, साफ-सफाई का ध्यान रखा और अपने खान-पान को सुधारा। धीरे-धीरे वह पूरी तरह स्वस्थ हो गया। जब वह विद्यालय लौटा, तो उसने अपने साथियों से कहा—

"मैंने सीखा है कि अगर हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखेंगे, तो हमारी मेहनत भी अधूरी रह जाएगी।"

वर्मा सर ने बच्चों से कहा— "बच्चों, याद रखो—स्वस्थ शरीर ही हमारे सपनों को साकार करने की ताकत देता है।"

सभा के अंत में सभी छात्रों ने संकल्प लिया— "हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।"

संदेश: "स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है—इसे संभालना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।"



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "कक्षा प्रबंधन (Classroom Management) का महत्व"

विद्यालय में प्रभावी शिक्षण तभी संभव है जब कक्षा का वातावरण सुव्यवस्थित, अनुशासित और सकारात्मक हो। कई बार यह देखा जाता है कि शिक्षक विषय का अच्छा ज्ञान रखते हैं, फिर भी कक्षा में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाता। इसका एक प्रमुख कारण कक्षा प्रबंधन का अभाव होता है। इसलिए कक्षा प्रबंधन (Classroom Management) शिक्षण प्रक्रिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो सीधे बच्चों के सीखने को प्रभावित करता है।

कक्षा प्रबंधन का अर्थ केवल शांति बनाए रखना या बच्चों को चुप कराना नहीं है, बल्कि ऐसा वातावरण तैयार करना है जिसमें सभी बच्चे सक्रिय रूप से सीख सकें, सुरक्षित महसूस करें और अपनी बात खुलकर रख सकें। एक अच्छी तरह से प्रबंधित कक्षा में समय का सही उपयोग होता है, गतिविधियाँ व्यवस्थित ढंग से संचालित होती हैं और बच्चों का ध्यान सीखने पर केंद्रित रहता है।

एक प्रभावी कक्षा प्रबंधन के लिए सबसे पहले शिक्षक को स्पष्ट नियम और अपेक्षाएँ निर्धारित करनी चाहिए। जैसे—कक्षा में बोलने का तरीका, समूह कार्य के नियम, सामग्री का उपयोग आदि। जब बच्चे इन नियमों को समझते हैं और उनका पालन करते हैं, तो कक्षा का संचालन सहज हो जाता है। यह भी आवश्यक है कि नियम बच्चों के साथ मिलकर बनाए जाएँ, ताकि उनमें जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।

कक्षा में सकारात्मक वातावरण बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि शिक्षक बच्चों को डाँटने या दंड देने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करते हैं, उनकी छोटी-छोटी उपलब्धियों की सराहना करते हैं, तो बच्चे अधिक आत्मविश्वास के साथ सीखते हैं। उदाहरण के लिए यदि कोई बच्चा सही उत्तर देता है या प्रयास करता है, तो उसकी प्रशंसा करना अन्य बच्चों को भी प्रेरित करता है।

समय प्रबंधन भी कक्षा प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। शिक्षक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक गतिविधि के लिए पर्याप्त समय मिले और कोई भी समय व्यर्थ न जाए। इसके लिए पाठ योजना पहले से तैयार होना चाहिए और कक्षा में प्रवेश करने से पहले शिक्षक को यह स्पष्ट होना चाहिए कि आज क्या और कैसे पढ़ाना है।

इसके साथ-साथ कक्षा में बैठने की व्यवस्था (Seating Arrangement), शिक्षण सामग्री का उपयोग और समूह कार्य का संगठन भी महत्वपूर्ण होता है। यदि बच्चों को छोटे-छोटे समूहों में बैठाकर गतिविधि कराई जाए, तो वे एक-दूसरे से सीखते हैं और सहयोग की भावना विकसित होती है। इससे कक्षा अधिक जीवंत और सक्रिय बनती है।

कक्षा प्रबंधन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि शिक्षक बच्चों की व्यक्तिगत भिन्नताओं को समझें। हर बच्चा अलग होता है—किसी की सीखने की गति तेज होती है, तो किसी को अधिक समय की आवश्यकता होती है। यदि शिक्षक इस अंतर को ध्यान में रखते हुए शिक्षण करते हैं, तो कक्षा में सभी बच्चों को सीखने का समान अवसर मिलता है।

अंततः कहा जा सकता है कि कक्षा प्रबंधन प्रभावी शिक्षण की आधारशिला है। यह केवल अनुशासन बनाए रखने का साधन नहीं, बल्कि ऐसा वातावरण तैयार करने की प्रक्रिया है जिसमें हर बच्चा सीख सके, आगे बढ़ सके और अपनी पूरी क्षमता का विकास कर सके। जब कक्षा सुव्यवस्थित और सकारात्मक होती है, तब शिक्षण अपने आप प्रभावी और परिणामदायी बन जाता है।

.................✍️

**मनोज कुमार झा**
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

अनुभाग-8

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 17

## "(इंटरमीडिएट के बाद – B.Pharm : Bachelor of Pharmacy)"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपकी रुचि दवाइयों, मेडिकल साइंस, केमिस्ट्री और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में है, तो B.Pharm (Bachelor of Pharmacy) एक अत्यंत उपयोगी और प्रोफेशनल कोर्स है। इस कोर्स में Pharmaceutics, Pharmacology, Pharmaceutical Chemistry, Drug Analysis, Pharmacognosy आदि विषयों का अध्ययन कराया जाता है, जिससे आप दवाइयों के निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण और उपयोग की वैज्ञानिक समझ विकसित करते हैं।

अर्हता: 12वीं (Physics, Chemistry, Biology/Mathematics) के साथ उत्तीर्ण; सामान्यतः 45–50% अंक आवश्यक।

नामांकन प्रक्रिया: प्रवेश सामान्यतः प्रवेश परीक्षा/मेरिट के आधार पर होता है। बिहार में B.Pharm से संबंधित काउंसलिंग/प्रक्रिया Bihar Combined Entrance Competitive Examination Board के माध्यम से संचालित होती है। राष्ट्रीय स्तर पर कई संस्थान अपनी अलग प्रवेश परीक्षा भी आयोजित करते हैं।

मान्यता: संस्थान का चयन करते समय यह सुनिश्चित करें कि वह Pharmacy Council of India (PCI) तथा All India Council for Technical Education से मान्यता प्राप्त हो।

बिहार के प्रमुख सरकारी संस्थान: Government Pharmacy Institute Gulzarbagh Nalanda Medical College and Hospital (संबद्ध कोर्स/प्रशिक्षण)

देश के प्रमुख सरकारी संस्थान: National Institute of Pharmaceutical Education and Research – niper.gov.in, Jamia Hamdard – jamiahamdard.edu, Banaras Hindu University – bhu.ac.in

कोर्स अवधि: 4 वर्ष (8 सेमेस्टर)।

रोजगार की संभावना: फार्मास्युटिकल कंपनियाँ, अस्पताल, ड्रग मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, ड्रग इंस्पेक्टर (सरकारी सेवा), रिसर्च एवं डेवलपमेंट। प्रारंभिक वेतन सामान्यतः ₹25,000–50,000 प्रति माह।

आगे के अवसर M.Pharm, Pharm.D, रिसर्च, क्लिनिकल ट्रायल, या स्वयं की मेडिकल स्टोर/फार्मेसी खोलने का विकल्प।

वित्तीय सहायता: उच्च शिक्षा के लिए बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के अंतर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध है। छात्रवृत्ति हेतु National Scholarship Portal – scholarships.gov.in पर आवेदन किया जा सकता है।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप मेडिकल क्षेत्र में तकनीकी विशेषज्ञ बनना चाहते हैं और दवाइयों के विज्ञान में रुचि रखते हैं, तो B.Pharm आपके लिए एक मजबूत और स्थायी करियर विकल्प है।

अगले पत्र में – मैट्रिक के बाद : Hotel Management (Diploma)। 🍽️🏨

...........✍️




शैलेन्द्र कुमार

प्रधान शिक्षक

रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




संपादक:-

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण।
(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org